न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

प्रार्थना–पत्र संख्या :–21 / 2024 दायर दिनांकः 06.02.2024
GCMS NO:- 2024/30 पीठासीन अधिकारी :– श्रीमती प्रीति मीणा

गिरीराज आ0 बीरमा जाति गुर्जर नि0 शिवपुरा तहसील नैनवॉ वगैरह। (कुल 3)

– प्रार्थीगण

बनाम

मांगीलाल आ0 रामनिवास जाति मीणा नि0 शिवपुरा तहसील नैनवॉ वगैरह। (कुल 5)

–प्रत्यार्थीगण

प्रार्थना पत्रः– अंतर्गत धारा 251क एआर.टी एक्ट

उपस्थिति–
प्रार्थी की ओर से वकील श्री राजेन्द्र नागर।

निर्णय दिनांक 27.05.2025

:–निर्णय–:

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम शिवपुरा तहसील नैनवॉ मे खसरा नम्बर 391 रकबा 1.0032 हैक्टयर भूमि स्थित है। जो प्रार्थीगण व अप्रार्थीगण संख्या 1 लगायत 4 की शामलाती भूमि है, मे जाने के लिए खसरा नम्बर 381, 383 व 387 मे से रास्ता चाहा गया।

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को तलब किया गया। हमने प्रार्थना पत्र व संलग्न दस्तावेजों का अद्योपान्त अवलोकन किया तथा पाया कि प्रार्थीगण द्वारा जिस खसरा नम्बर 391 पर जाने के लिए रास्ता चाहा गया है, वह शामलाती खाते की भूमि है जिसका विधिवत रूप से विभाजन नही हुआ है तथा बिना विभाजन इस पत्रावली मे धारा 251क के तहत् रास्ता दिया जाना न्यायोचित अथवा विधि सम्मत नही है अतः प्रार्थीगण द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। निर्णय आज दिनांक 27.05.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी
नैनवॉ